# "सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 76वाँ जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया"

आज दिनांक 17 सितम्बर 2026 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेताओं में से एक आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ में सायं 7:00 बजे एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार स्थित लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, दीर्घायु, यशस्वी एवं राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त जी, कुलसचिव डॉ. वी . पी. सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा, निदेशक शोध, समस्त अधिष्ठातागण, निदेशकगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

दीपों की उज्ज्वल आभा एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण के मध्य उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा, आत्मनिर्भरता, नवाचार, कृषि उन्नयन तथा जनकल्याण के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रहित में सेवा एवं समर्पण का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया तथा युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को केवल एक उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि "सेवा ही संगठन" तथा "राष्ट्र प्रथम" की भावना को आत्मसात करने के अवसर के रूप में मनाया। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह, राष्ट्रभक्ति एवं जनसेवा के संकल्प से परिपूर्ण रहा तथा उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व हेतु शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

विश्वविद्यालय परिसर दीपों की दिव्य ज्योति, देशभक्ति के भाव और सेवा संकल्प की ऊर्जा से आलोकित हो उठा, जिसने इस अवसर को स्मरणीय एवं प्रेरणादायी बना दिया।







सेवा संकल्प अभियान
NAAC
"आशीर्वाद का दीया"
17 सितम्बर, 2026
सायंकाल 7:00 बजे
मुख्य द्वार
मेरठ – 250110


सेवा संकल्प अभियान
NAAC
"आशीर्वाद का दीया"
17 सितम्बर, 2026
सायंकाल 7:00 बजे
स्थानः विश्वविद्यालय मुख्य द्वार
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ










SARDAR VALLABHBHAI PATEL UNIVERSITY
OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY MEERUT



